**खबर संक्षेप**

### स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पखवाड़े पर ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान पर विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

**मण्डला।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश शासन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को पीएमश्री रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, जैविक कृषि, कार्यक्रम का उद्देश्य, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सकारात्मक वातावरण बनाने के संबंध में चर्चा की गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मैदानी स्तर पर प्रदेश सरकार के अन्य विभागों के साथ मिलकर आगामी 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश, नशा मुक्ति अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ की शपथ दिलाई गई। इस दौरान राजेन्द्र चौधरी, विनायक तांबे, परामर्शदाता संतोष कुमार रजक, आशीष नामदेव, लालाराम चक्रवर्ती, श्रीमती रागनी हरदहा, श्रीमती दीपा श्रीवास एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्रा, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित थे।

### कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल का 20 जनवरी को मंडला आगमन

**मण्डला।** कौशल विकास एवं रोजगार मध्यप्रदेश शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल का 20 जनवरी को मंडला आगमन होगा। मंगलवार को प्रातः 8:35 बजे जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 10:30 बजे मंडला सर्किट हाउस पहुंचेंगे। राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल प्रातः 11 बजे आरडी कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम मंडला में करेंगे।

**क्यों विश्वास खोता जा रहा शासन-प्रशासन**

# स्कूली छात्रों ने किया चक्का जाम

*** परीक्षा केन्द्र बदलने से आक्रोशित थे विद्यार्थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

*एक वह समय था जब विद्यार्थी अपने शिक्षक से ही पूछकर सभी तरह के निर्णय लिया करते थे और विद्यार्थियों के माता-पिता भी अपने पारिवारिक निर्णयों में शिक्षक की सलाह लेते थे लेकिन देखते-देखते समय इतना बदल गया कि अब विद्यार्थी शिक्षक ही नहीं शासन-प्रशासन के नुमाइंदों की बातों पर विश्वास नहीं कर रहे इसके पीछे शायद वह व्यवस्था है जो पिछले कुछ सालों में निर्मित हुई है जहां शिक्षक अपने स्वार्थ को आगे रखकर अपनी भूमिका निभाता चला गया और शासन-प्रशासन के लोग जनउत्थान के नाम पर स्वयं के उत्थान में लगे रहे।*



कल भावल बम्हनी क्षेत्र के विद्यार्थियों ने परीक्षा केन्द्र बदले जाने के निर्णय के विरोध में नेशनल हाइवे को जाम कर दिया। छात्रों को जब प्रवेश पत्र प्राप्त हुआ तब जाकर उन्हें ज्ञात हुआ कि उनका परीक्षा केन्द्र जो पहले बम्हनी हुआ करता था उसे बदलकर मंगलगज कर दिया गया है परीक्षा केन्द्र बदले जाने को लेकर न तो स्कूल प्रबंधन को विश्वास में लिया गया और न ही विद्यार्थियों को पूर्व में इससे अवगत कराया गया अचानक से परीक्षा केन्द्र बदले जाने से विद्यार्थी आक्रोशित हो उठे और सड़क पर आ गये। देखते ही देखते राष्ट्रीय राजमार्ग जाम हो गया दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारे लग गई।

जाम की जैसे ही खबर फैली स्थानीय स्कूल प्रबंधन, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को मनाने की कोशिश की लेकिन किसी ने भी इनकी बात नहीं मानी जाम बढ़ते देख जिले के शिक्षा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे लेकिन छात्रों ने किसी को भी भाव नहीं दिया।

स्थानीय जनपद सदस्य, जनपद के उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, तहसीलदार, एसडीएम, जनपद सीईओ और सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण विभाग मौके पर पहुंची लेकिन विद्यार्थियों को समझाने और मनाने में असमर्थ रहीं। विद्यार्थी सिर्फ इस बात पर अड़े रहे कि उन्हें आश्वासन नहीं लिखित आदेश चाहिये। थक हारकर अंत में जब कलेक्टर की ओर से यह कहा गया कि वे इसका समाधान निकालेंगे और उन्होंने विद्यार्थियों से 02 दिन इंतजार करने को कहा तब कहीं जाकर विद्यार्थियों का आक्रोश कम हुआ और जाम खुल पाया।

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की बात पर विश्वास न करते हुये विद्यार्थी यदि लिखित आदेश की मांग करें तो समझा जा सकता है कि इन दो धड़ों के बीच कितना अविश्वास पनप चुका है एक समय था जब यदि स्कूल के प्राचार्य सामने आ जाते थे तो विद्यार्थियों की बोलती बंद हो जाती थी। आज शासन के प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षा विभाग के प्रमुख सामने खड़े हैं और छात्र-छात्रायें हैं कि उनकी बातों पर विश्वास ही नहीं कर रहे।






## युवा संगम रोजगार मेलाः ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 जनवरी को आयोजित युवा संगम रोजगार मेला के अंतर्गत ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ आरडी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, डिप्टी कलेक्टर श्री संस्कार बावरिया, सहायक संचालक जिला व्यापार उद्योग श्री बलराम यादव सहित संबंधित उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा युवाओं के लिए यह जो पहल की गई है वह सराहनीय है। रोजगार मेला युवाओं के लिए करियर बनाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें, इंटरव्यू प्रक्रिया को गंभीरता से समझें और अपने कौशल व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को रोजगार मेले की प्रक्रिया, पंजीयन, आवश्यक दस्तावेज, चयन प्रक्रिया एवं इंटरव्यू की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि वे बेहतर तैयारी के साथ अवसर का लाभ उठा सकें। जिला व्यापार उद्योग केन्द्र सहायक संचालक श्री बलराम यादव ने बताया कि रोजगार मेले में जिले एवं जिले के बाहर की 45 से अधिक कम्पनियाँ 4 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करने आ रही हैं। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

### सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

**मण्डला।** सभापति एससी, एसटी कल्याण संबंधी समिति, लोकसभा एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते 20 जनवरी को प्रातः 7 बजे जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 8:30 बजे ग्राम पंचायत टिकरिया बम्होरी पहुंचकर दुर्घटना से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। प्रातः 9 बजे बम्होरी ग्राम से रवाना होंगे तथा प्रातः 10 बजे बीजाडांडी में एसआईआर की बैठक में शामिल होंगे। सांसद श्री कुलस्ते प्रातः 10:30 बजे बीजाडांडी से ग्राम पंचायत ग्वारी के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 11 बजे ग्वारी पहुंचकर एसआईआर की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद सांसद श्री कुलस्ते प्रातः 11:30 बजे आमाटोला के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 12 बजे आमाटोला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 2:30 बजे आमाटोला से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 3 बजे मंडला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांसद श्री कुलस्ते दोपहर 3:30 बजे मंडला से बम्हनी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 4 बजे बम्हनी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आरोग्यम मंडला शिविरों के प्रचार-प्रसार पर जोर-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, समस्त एसडीएम सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान है। सभी विभाग समयसीमा में कार्य पूर्ण करें तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।



बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविरों के संबंध में निर्देश दिए कि जिले में आयोजित हो रहे स्वास्थ्य कैम्पों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन शिविरों का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामों एवं वार्डों में मुनादी, सोशल मीडिया, पंचायत स्तर पर सूचना, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जानकारी पहुँचाई जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक नहीं बल्कि संतुष्टिपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। विभाग प्रमुख समय-सीमा में समाधान कर फीडबैक सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।

बैठक में कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग इन बिंदुओं के अनुसार कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य की दिशा में काम करें।

कलेक्टर ने जिले की विभिन्न रैंकिंग श्रेणियों, टॉप फाइव जिले, मिडिल जिले एवं बॉटम जिले के प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में मंडला जिला येलो श्रेणी में है, वहां सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से त्वरित सुधार करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने इंडिकेटर्स पर कार्य कर जिले की स्थिति बेहतर बनाएं।

## मण्डला में आध्यात्मिक सत्संग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सावन कृपाल रूहानी मिशन नई दिल्ली के तत्वावधान में पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी के तट पर बसे मंडला शहर के कमला पैलेस में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ सावन कृपाल रूहानी मिशन मंडला के सत्संगी भाई नरेंद्र कुमार पटेल द्वारा सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी कड़ी में ओमकार प्रसाद हरदहा द्वारा गुरु महिमा एवं आध्यात्म विषय पर संक्षिप्त उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। सावन कृपाल रूहानी मिशन बाचावानी जिला होशंगाबाद से पधारे मिशन के समर्पित प्रचारक घनश्याम सोनी द्वारा सावन कृपाल रूहानी मिशन नई दिल्ली के वर्तमान सद्गुरु संत राजेंद्र सिंह महाराज की आध्यात्मिक शिक्षा और संदेशों को रामचरितमानस की चौपाइयों और भागवत गीता ग्रंथ तथा अन्य धार्मिक ग्रंथों और आध्यात्मिक संत महात्माओं की वाणी के माध्यम से उदाहरण द्वारा मानव जीवन में गुरु का महत्व, सत्संग की आवश्यकता, नाम दान का महत्व, भजन एवं ध्यान,अभ्यास करके शब्द से जुड़ने और मानव जीवन को सफल बनाने के संबंध में अपने मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी विचार प्रस्तुत किए गए। सत्संग कार्यक्रम में लगभग 250 सत्संग प्रेमियों की उपस्थिति रही,जिसमें सावन कृपाल रूहानी मिशन जबलपुर से लगभग 25 सत्संगी भाई बहन शामिल हुए। मंडला जिले से सावन कृपाल रूहानी मिशन ग्राम टिकरवारा 'ए' ग्रेड सेंटर एवं मंडला,केहरपुर, भंवरदा पौंडी, मांद तथा लफरा 'सी' ग्रेड सेंटर से और मंडला शहर से प्रभु प्रेमी भाई-बहन उपस्थित रहे।

**प्रतिभा चयन** | **मंडला गॉट टैलेंट के ऑडिशन शुरू, कलेक्टर पहुंचे ऑडिशन स्थल।**

# मंडला में बिखरेगा प्रतिभाओं का जलवा








*** आज होगा नृत्य की प्रतिभाओं का चयन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के तत्वाधान में 'मंडला गॉट टैलेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रतियोगिता के लिए गायन और नृत्य की विधाओं के ऑडिशन 19 एवं 20 जनवरी को जिला न्यायालय रोड स्थित झंकार भवन में आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि मंडला के युवाओं, बच्चों और कलाकारों के सपनों को उड़ान देने वाला मंच बनकर सामने आया है, जहां हर प्रतिभागी को अपनी कला दिखाने का आत्मविश्वास और अवसर मिल रहा है।

### प्रतिभाओं की दिखी शानदार झलक

आयोजन के अनुसार गायन विधा के ऑडिशन 19 जनवरी को संपन्न हुए, जिसमें जिलेभर से आए प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। वहीं नृत्य विधा के ऑडिशन 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं।

### कलेक्टर पहुंचे ऑडिशन स्थल, प्रतिभागियों का बढ़ा आत्मविश्वास

ऑडिशन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। कलेक्टर श्री मिश्रा के अचानक पहुंचने से न केवल आयोजन को प्रोत्साहन मिला, बल्कि प्रतिभागियों का उत्साह भी कई गुना बढ़ गया। प्रतिभागियों से संवाद करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि मंडला की युवा प्रतिभाएं जिले की पहचान हैं और ऐसे मंचों के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। कलेक्टर श्री मिश्रा की प्रेरणादायक मौजूदगी से बच्चों और युवाओं का आत्मविश्वास साफ नजर आया और कई प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ अपनी प्रस्तुति दी।

### कलेक्टर के प्रयासों से मिल रहा मंच, प्रतिभाओं को मिलेगा नया रास्ता

यह आयोजन जिले में कला-संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कलेक्टर श्री मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से मंडला में प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए ऐसे आयोजनों को गति मिल रही है। 'मंडला गॉट टैलेंट' जैसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं के आत्मविश्वास, करियर और पहचान को मजबूत करने वाले प्लेटफॉर्म साबित हो रहे हैं।

इस आयोजन के माध्यम से मंडला के कलाकारों को जिला स्तर पर पहचान मिलने के साथ-साथ आगे बड़े मंचों तक पहुंचने की प्रेरणा भी मिल रही है। अब मंडला की प्रतिभाएं अपनी कला के दम पर चमकेंगी और जिले का नाम रोशन करेंगी। ऑडिशन स्थल पर बड़ी संख्या में प्रतिभागियों एवं कला प्रेमियों की उपस्थिति रही।

## ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यस्मृति दिवस को मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज मार्ग बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवा केंद्र ²विश्व शांति भवन² में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंडला क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्मकुमारी ओमलता दीदी, साथ में ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। सुबह 4 बजे अमृतवेला से सेवाकेंद्र में योग तपस्या शुरू हुई। मंडला जिले के ब्रह्मावत्स सेवाकेंद्र पहुंचकर योग तपस्या की। अमृतवेले के बाद सभी को मुरली सुनाई, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी जी ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के संस्मरण सुनाए, दीदी ने बताया कि ब्रह्मा बाबा का लौकिक नाम लेखराज कृपलानी था एवं उनका जन्म 15 दिसंबर 1884 को सिन्ध, हैदराबाद (वर्तमान समय पाकिस्तान में) पिता खूबचंद कृपलानी के घर में हुआ था, जो की एक ग्रामीण पाठशाला के हेडमास्टर थे। लेखराज की माँ का देहान्त, उनकी अल्पायु में ही हो गया था। करीबन 20 साल की आयु में पिता खूबचंद का भी देहान्त हुआ, जिसके बाद लेखराज ने कुछ वर्ष अपने काका की अनाज की दूकान पर काम किया। बड़े होकर उन्होंने हीरे परखने की, जवेरी की कला सीखी और समय के साथ कलकत्ता के नामचीन हीरे के व्यापारी बन गए। उनका व्यापार मुंबई तक भी पंहुचा। समाज में भी उनका बड़ा मान था, व उनको लोग आदर से लखी दादा कहते थे। जब उनकी आयु 60 साल के करीब रही होंगी, तब उन्हें परमपिता परमात्मा परमात्मा शिव बाबा का साक्षात्कार हुआ। बाबा सदा खुशी में रहते थे, जो भी उनके पास जाता था उदासी और चिंता भाग जाती थी। उनकी मधुर मुस्कान सभी को संतुष्ट कर देती थी। वे अत्यंत रहमदिल और सात्विक स्व भाव के थे। 18 जनवरी 1969 को ब्रह्मा बाबा ने अपना शरीर छोड़ा, इस दिन को ही ब्रह्माकुमारीज के देश-विदेश के सेवाकेंद्रों में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उसके बाद बाबा को भोग लगाया गया। सेंटर में ही बाबा का कमरा, हिस्ट्री हॉल, बाबा की झोपड़ी, शांति स्तंभ बनाया, इन सभी चार धाम में सभी ने योग तपस्या किया। उसके बाद सभी ने ब्रह्माभोजन किया। ब्रह्माभोजन कर सभी ने योग व तपस्या किया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेक्टर की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम आंडेगांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा लड़का आशीष कौरव घर से मोटर साईकिल क्रमाँक MP-49 B-7243 से ग्राम इमलिया रिस्तेदारी में आया था जो वापिस जाते समय रास्ते में कल्याणपुर इमलिया के बीच कल्याणपुर तरफ से आ रहे एक हरे रंग का ट्रेक्टर ज्वइडियर कम्पनी का जिसका नंबर MP-49/AA-9658 के चालक ने अपने ट्रेक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आया और मेरे लड़के की मोटर साईकिल में टक्कर मार दिया जिससे लड़का आशीष मोटर साईकिल सहित नीचे गिर गया जिससे लड़का आशीष को चोटे आने के चलते नरसिंहपुर उपचार हेतु ले जाया गया। वही घटना को लेकर पुसिल ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### एनटीपीसी में तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ की मारपीट

**गाडरवारा।** डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस चीचली निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह

एनटीपीसी में हेलीपेड में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। बीते हुये दिवस जब वह एनटीपीसी के हेलीपेड पर मौजूद रहते हुये डियूटी कर रहा था उसी दौरान ग्राम गांगई का मुस्ताक खान रोड से अपनी गाड़ी स्कार्पियो से जा रहा था। उसके साथ गाड़ी में तीन लोग और बैठे थे जिन्हे में नहीं जानता। मेरे को देख कर मुस्ताक खान मेरे पास आया और पुरानी की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी मुस्ताक खान द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी मुस्ताक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसा मांगे जाने पर मारी लाठी

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम नरसरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव की किराना दुकान पर कोई समान लेने जा रहा था तो रास्ते में दीपक धानक मिला जिससे पैसों का लेनदेन था। इसी बात को लेकर दीपक धानक द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा बोला की यदि अब पैसों की मांग की गई तो जान से मार दूगा। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लाठी सिर में मारते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम केहरा गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि मेरे पडौस में रहने वाले नेपाल सिंह राजपूत से पुरानी बुराई चल रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस प्रार्थी के घर के पास आया और पुरानी बुराइ को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# आजाद वार्ड में विकास गति की गाड़ी को दौड़ाते हुये कैबिनेट मंत्री ने किया 1 करोड़ 9 लाख से अधिक राशि निर्माण कार्यो को भूमि पूजन व लोकापर्ण, देश चौथी आर्थिक शक्ति बन चुका है- राव उदय प्रताप

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र को लगातार विकास गति प्रदान करने वाले क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा बीते हुये दिवस नगर के आजाद वार्ड में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की मौजूगदगी में 1 करोड़ 9 लाख रूपया से अधिक राशि के निर्माण कार्यो का लोकापर्ण करने के साथ नये कार्यो के लिये भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश जिस तरह प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर हो रहा है उसके चलते संपूर्ण देशों में हलचल देखने मिल रही है। इस प्रकार से हमारा प्रदेश भी मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि भाजपा सरकार की एक ही सोच रहती है कि जहां देश व प्रदेश विकास की गति पकड़ने में आगे बड़े और शासन की योजनाओं का आम लोगों को लाभ मिलता रहना चाहिये। भाजपा का कार्यकाल इस तरह से होता है कि वह पात्र हितग्राहियों की घर घर खोज करके शासन की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने में पीछे






नही रहती है। पहले देखा जाता था कि लोग शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिये सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटते हुये देखे जाते थें। मगर अब भाजपा के शासन काल में अधिकारी खुद ही हितग्राहियों के घरों में पहुंचकर लाभ देते हुये देखे जाते है। क्योंकि आज देश का नेतृत्व इस तरह के हाथों में है कि वह अपनी जगह पहले देश व आम जनता की चिंता करते है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन चुका है। देश के प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व, सशक्त नीतियों और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के परिणाम स्वरूप भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज से 21 वर्ष बाद, वर्ष 2047 में, जब देश अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूर्ण करेगा। तब हमारा हिंदुस्तान विश्व का नेतृत्व करने वाला, विकसित और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र होगा, यही हमारा संकल्प और लक्ष्य है। उन्होने अपने संबोधन में आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हर माह लाडली बहना योजना के माध्यम से संपूर्ण प्रदेश में लाड़ली बहिनों को लगभग 1800 करोड़ की राशि सीधे खातों में ट्रांसफर की जा रही है। यह सुशासन, पारदर्शिता और गरीब-कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। आज नगर के आजाद वार्ड में 1 करोड़ 9 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ जोकि क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्रदान करने का प्रमाण आपके सामने है साथ ही विधानसभा क्षेत्र के गांवों, कस्बों एवं शहरों में भी करोड़ों रुपये के विकास कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। विकास कार्यो को कभी रूकने नही दिया जावेगा इन व्यापक विकास प्रयासों के परिणाम स्वरूप गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र एक आदर्श विधानसभा के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन के आलवा वार्ड पार्षद श्रीमती राजकुमारी सतीश कौरव, नपा सभापति लोक निर्माण सुरेंद्र गुर्जर, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, अशोक भार्गव सहित अन्य लोग मौजूद थें।

**बसेड़िया में देखने मिला समाज सेवा का अनोखा जज्बा**

# क्षेत्र के बाद अब अन्य दूसरे राज्यों में वृद्वजनों की सेवा में नही रह रहे पीछे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि समाजसेवा करते हुये अनेक लोगों को देखा जाता है। मगर उनकी समाज सेवा लोगों को लाभ पहुंचाने के साथ साथ अखबारों की सुर्खिया बनने की अधिक होती है। मगर कुछ लोग इस तरह के भी होते है जिनके दिलों में पीड़ितो को मदद पहुंचाने का जो जज्बा होता है वह दिखाबा कम और लोगों की सेवा अधिक करते है। कुछ इसी तरह की सच्चाई क्षेत्र के युवा समाजसेवी मुकेश बसेड़यिा में देखने मिल रही है जो पीड़ितजनों के लिये बगैर रूके समाजसेवा में जुटे हुये देखे जा रहे है। अक्सर देखा जाता है कि बसेड़यिा बगैर किसी दिखाबा के खुद ही अकेले मोटर साईकिल पर सबार होकर जंगल क्षेत्र के उन दुर्गम गांवों में पहुंच कर सेवा करने में जुट जाते है जहां पर लोगों का पहुंचना मुश्किल होता है और वह के लोग शहर का मुंह देखने के लिये तरसते देखे जाते है। इतना ही नही यदि बसेड़यिा की समाज सेवा की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कोई भी कार्य क्यों न हो वह उसमें अपनी ओर से सहयोग प्रदान करने के लिये सबसे आगे खुडे दिखाई पड़ते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई



एक बार फिर देखने मिली है। जो लगातार माह तक विभिन्न राज्यो में भ्रमण करते हुए बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें पठन लेखन, शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुये देखे जाना आम बात बन चुकी है। बताया जाता है कि समाज सेवी मुकेश बसेड़िया में समाज सेवा को जुनून इस तरह से बनी हुई है कि वह लगातार हर साल एक माह तक देश के अलग अलग प्रांतो की यात्रा में उन्होंने बिटियो के पालकों ,अभिभावकों को बेटियों को उच्च शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरित करने के साथ ही तीर्थ क्षेत्रो के प्रभारी , तथा अलग अलग प्रांतों के अनुविभागीय दंडाधिकारी व सक्षम अधिकारियों को एक पत्र सौंपकर तीर्थ क्षेत्र में छोटे बच्चों से भिक्षावृत्ति कराने पर प्रतिबंध लगाकर उन्हें स्कूल भेजने की मांग करते हुये देखे गये। समाज सेवी मुकेश बसेड़यिा द्वारा बीते हुये चार दिसंबर 2025 को शुरू की गई अपनी यात्रा में समीपस्थ माँ नर्मदाजी के ककराघाट पर विधिवत पूजन व संकल्प के साथ अपनी यात्रा का शुभारंभ किया गया था और इस दौरान वह देश के असम राज्य में कामाख्या धाम, उमानन्द भैरव, गुहावटी के शुकरेश्वर मन्दिर, आदिवासी गांव मार्योग तथ्सस पश्चिम बंगाल राज्य में न्यू जलपाईगुड़ी, विहार के दानापुर ग्रामीण क्षेत्रों के आलवा मोकामा धाम सहित उत्तर प्रदेश राज्य के काशी, बनारस, मिर्जापुर, राजापुर, कर्वी, प्रयागराज सहित मध्य प्रदेश के चित्रकूट, मैहर, सतना, मानिकपुर, माँ देवी धाम सलकनपुर, बरमान घाट, देवास, खंडवा, श्रीक्षेत्र ओंकारेश्वर, महाकाली की नगरी उज्जैन मालवा क्षेत्र के नलखेड़ा, माँ रेवा के विभिन्न पृथक पृथक घाटों पर पहुंचकर वृद्ध आश्रमो के साथ साथ दुर्गम बनांचल पहुंच विहीन वन ग्रामो में भी बेटियों का सम्मान कर शिक्षण सामग्री भेंटकर करते हुये स्कूल जाने के लिये प्रेरित किया गया। बताया जाता है कि स्कूल को बीच मे छोड़ने वाले लगभग 315 बच्चों को चिन्हाकित कर पुनः स्कूल जाने व पालकों से संपर्क कर हर संभव मदद करने का वचन दिया गया। वही दूसरी ओर बसेड़िया द्वारा ज्योतिर्लिंग में देवी स्वरूप कन्याओं तथा वृद्धजनों व दिव्यांगजनो को सम्मानित किया। इसके अलावा माँ नर्मदाजी के बरमानघाट के वृद्ध आश्रम व अनेक नर्मदा तटो पर ठंड से बचने के लिये गर्म कपड़ो का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि इस तरह बसेड़िया द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार बेटी शिक्षा व वृद्धजनो को सम्मानित करते हुए एक माह सतत सेवा का संकल्प लेकर स्वयं के खर्चे पर अनवरत बिना रुके समाज सेवा में जुटे हुये देखे गये। इस संबंध में बसेड़िया का कहना है कि महिषासुरमर्दिनी अर्थात सशक्त बेटियों की आवयश्कता है जो बेटियों की शिक्षा व प्रोत्साहन से संभव है।

# रोटरी क्लब ने किया निःशुल्क फिजियोथैरेपी सेमीनार व वर्कशाप

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** रोटरी क्लब द्वारा बीते हुये दिवस निःशुल्क फिजियो थैरेपी का एक दिवसीय कार्यशाला एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। बताया जाता है कि इस मौके पर नगर के सुरभि होटल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 180 मरीज ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर शिविर का लाभ दिया गया। वही शाम को सुखदेव भवन में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस दौरान फिजियोथेरेपी जरूरी जानकारियों से अवगत कराया गया। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मौजूद क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करता चला आ रहा है। निश्चित ही इनके माध्यम से इस तरह को लोगों को लाभ पहचाने का कार्य किया जाता है तो धन या फिर अन्य कारणों के चलते चिकित्सालयों में नही पहुंच पाते है। वही मिशन हेल्त हैदराबाद के संचालक एवं उनकी टीम ने गाडरवारा में आकर अपनी सेवाएं देते हुये मरीजो को लाभान्वित किया गया वही उल्लेखनीय कार्य है। रोटरी क्लब पीड़ित मानवता की सेवा में तत्पर रहते हुए स्वास्थ्य शिविर के बड़े-बड़े आयोजन कर सच्ची सेवा का परिचय देता आ रहा है। इस प्रकार से इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने रोटरी क्लब के आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि समाज सेवा के रूप में रोटरी क्लब द्वारा जिस तरह अपनी एक अलग पहचान बनाई गई है उसकी सराहना करने के लिये मेरे पास शब्द नही है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेश पाठक, समाजसेवी विनीत महेश्वरी, रो. मिनेन्द्र डागा, रो. अशोक राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर विश्व प्रसिद्ध मिशन हैल्थ अहमदाबाद के संस्थापक व निर्देशक डॉक्टर आलाप शाह द्वारा अपनी टीम के साथ एक दिवसीय फिजियो थैरेपी स्वास्थ कार्यशाला में फिजियो थैरेपी से संबंधित जरूरी जानकारियों तथा उसके



उपयोग व लाभान्वित पुर्नवास विषय को प्रस्तुत हुये उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दैनिक कार्यशैली के चलते मानव शारीरिक संरचना में ऐसी अनेक बीमारी व रोग उत्पन्न हो रहे हैं। जिनका दवाईयां व सर्जरी के बजाये नियमित व्यायाम व खान पान से स्थाई सुधार किया जा सकता है। आज के समय में आवश्यकता इस बात की है कि इसकी सही जानकारी व कार्यप्रणाली हो इसी आशय के उद्देश्य से रोटरी कलब गाडवारा द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया । कार्यशाला में जो जानकारियां दी गई हैं उस प्रक्रिया को हमें पूरा करना होगा तभी हम वर्कशाप के उद्देश्य की पूर्ति कर पाएंगे। स्वागत भाषण में रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ने रोटरी क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यो के संबंध में मौजूद लोगों को अवगत कराया गया। वही कार्यक्रम का संचालन प्रियंक सोनी ने किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुये अतिथियों के प्रति अपना आभार प्रदर्शन सचिव मनोज बसा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर्षित वैश्य , राघव काबरा को रोटरी पिन लगाकर उन्हें रोटरी क्लब की सदस्यता की गई। इस दौरान आयोजित किये गये स्वास्थ्य शिविर में डॉ गौरव मेहता, डॉक्टर जनार्दन डॉक्टर हेमंत सहित उनकी पूरी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित की गई इस वर्कशॉप में लगभग 600 लोगों ने शामिल होकर फिजियोथेरेपी से संबंधित जानकारियों से अवगत हुये।

## चौहान बने एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हिम्मत सिंह चौहान ने बीते हुये दिवस एनटीपीसी गाडरवारा का मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) प्रमुख (हेड ऑफ प्रोजेक्ट) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनका यह कार्यभार ग्रहण परियोजना के नेतृत्व यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। एनटीपीसी के एक अत्यंत अनुभवी अधिकारी के रूप में चौहान अपने साथ 38 वर्षों से अधिक का समृद्ध एवं विशिष्ट अनुभव लेकर आए हैं, जो उत्कृष्टता, निष्पक्षता और परिणामोन्मुखी नेतृत्व से परिपूर्ण है। ज्ञात हो कि उन्होंने वर्ष 1987 में एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन व समर्पण के बल पर संगठन में अपनी पहचान स्थापित की गई है। चौहान ने बड़े पैमाने की विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में विशेष रूप से यांत्रिक एवं विद्युत स्थापना (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इरेक्शन) के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। समयबद्ध परियोजना निष्पादन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा परिचालन विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने में उनकी भूमिका निर्णायक रही है। बताया जाता है कि चौहान व्यापक कार्यानुभव में एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा, बोंगाईगांव, तालचर कनीहा तथा ऊंचाहार जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाएं शामिल हैं। एनटीपीसी गाडरवारा में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे एनटीपीसी मौदा में परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यरत थे, जहां उनके नेतृत्व में परियोजना प्रदर्शन और परिचालन उत्कृष्टता को नई मजबूती मिली। एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा हिम्मत सिंह चौहान के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने पर उनका हार्दिक स्वागत किया तथा उनके व्यापक अनुभव, गहन संस्थागत समझ और दूरदर्शी नेतृत्व में एनटीपीसी गाडरवारा परियोजना निष्पादन, परिचालन उत्कृष्टता एवं सतत विकास के क्षेत्र में नए शिखर स्थापित करते हुए राष्ट्र और समाज के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित करता रहेगा।

## दो दिवसीय ओलम्पियाड परीक्षा के अंतिम दिन ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने पहुंचकर किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के जनपद शिक्षा केंद्र पर स्थापित किये गये परीक्षा केन्द्रो में द्वितीय चरण (जिला स्तर )की 2 दिवसीय ओलंपियाड परीक्षा संपन्न हुई। बताया जाता है कि इस परीक्षा में जन शिक्षा केंद्र पर प्रथम चरण की ओलम्पियाड परीक्षा में सफल शासकीय शालाओं के चयनित कक्षा दूसरी से तीसरी व कक्षा चौथी से पांचवी तथा कक्षा छठवीं से आठवीं में अध्ययनरत छात्र छात्राओ ने सहभागिता की गई थी। इस परीक्षा के लिए साईंखेडा ब्लॉक के केंद्र शासकीय आदर्श उ मा



विद्यालय गाडरवारा एवं चीचली ब्लॉक के केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के अंतिम दिवस कक्षा 4 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 वी तक के छात्र छात्राओं ने सुबह 10 से 11:30, व दोपहर 12 से 1:30 एवं दोपहर 2 बजे से 3:30 एवं 3:45 से 5:15 बजे तक की 4 पालियों में हिंदी, अंग्रेजी, पर्यावरण, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों के पेपर ओएमआर शीट पर हल किये। वही बनाये गये केन्द्रो पर विद्यार्थियों के लिए भोजन के पेकिट भी प्रदान किये गये। वही परीक्षा के अंतिम दिन आदर्श स्कूल गाडरवारा के परीक्षा केंद्र पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, डीपीसी मनीष चौकसे सहित प्रभारी एपीसी समीर त्यागी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इसी प्रकार से चीचली विकासखंड में भी डीपीसी एवं एपीसी ने परीक्षा का अवलोकन किया। परीक्षा के आयोजन में केंद्र अध्यक्ष आर पी महिलाँग, भूपेश ठाकुर सहित बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक सहित समस्त बीएसी, सीएसी की अहिम भूमिका देखने मिली।

# मातृ शक्ति ने किया हल्दी कुमुकुम का विशेष कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर की त्रिशक्ति राष्ट्रीय मंच प्रभारी श्रीमती अनीता मिश्रा के नेतृत्व में बीते हुये दिवस उनके निज निवास पर हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में सज-संवर कर सुहाग के पर्व हल्दी-कुमकुम को उत्साह पूर्वक मनाया गया। बताया जाता है कि इस विशेष कार्यक्रम में विभिन्न खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि हल्दी कुमुकुम कार्यक्रम भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। वही इस असवर पर मौजूद पूजा



तिवारी ने कहा कि हम सभी को इस तरह के आयोजनों में उत्साह पूर्वक सहभागिता करना चाहिए। कार्यक्रम में सुलेखा श्रीवास्तव, श्रीमति ऊषा पराशर, श्रीमति पूजा तिवारी, श्रीमति संगीता तिवारी, श्रीमति सुनीता कौरव, श्रीमति प्रियंका कौरव, श्रीमति बाली पवार, श्रीमति दीप्ति दुबे, श्रीमति चांदनी दीक्षित, श्रीमति प्रीति जैन, श्रीमति सरिता सोनी, श्रीमति प्रिया शर्मा, श्रीमति फूला विश्वकर्मा, श्रीमति एकता तिवारी, श्रीमति सुधा मिश्रा, श्रीमति सुखदेवी तिवारी, श्रीमति सुधा शुक्ला, श्रीमति शालिनी शुक्ला, श्रीमति सुषमा राजौरिया, श्रीमति शिवकुमारी, श्रीमति रचना दुबे, श्रीमति कुसुम दुबे, श्रीमति कीर्ति सहित अन्य महिलाये मौजूद थी।

# विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से आईटीआई के बच्चों को नालसा जाग्रति की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मा. म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, के आदेशनुसार एवं मा. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला जिला विधिक सेवा प्राधिकारण नरसिंहपुर के निर्देशानसुार तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश श्रीमति संतोषी बासनिक के मार्ग दर्शन में बीते हुये दिवस नगर के शासकीय आईटीआई में नालसा जाग्रति योजना न्याय जागरूकता के लिये जमीनी स्तर पर पारदर्शिता पहल विषय पर तहसील गाडरवारा के न्यायाधीश मा. सूरज सिंह राठौर चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की मौजूदगी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा किया गया। इस मौके पर मा. न्यायाधीश सूरज सिंह राठौर द्वारा मौजूद विद्यार्थियों को नालसा जाग्रति योजना की जानकारियों से अवगत कराते हुये बताया कि इसका उद्देश्य कानूनी जागरूकता को संस्थागत बनाना एवं कानूनी सहायता सेवाओं का एक डेटावेस बनाकर



लोगो को जागरूक करना है। साथ ही उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान आम आदमी के अधिकारों एवं उनके हनन होने पर कानूनी प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। वही बताया कि मोटरयान का प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिये कि जिस वाहन का उपयोग किया जा रहा है उसका बीमा अवश्य होना चाहिये। वही दूसरी ओर वाहन चालक के पास अपना ड्राईविंग लाईसेन्स रहना चाहिये। क्योंकि बगैर ड्राईविंग लाईसेन्स के वाहन चलाना यह एक कानूनी अपराध होता है। इस दौरान मौजूद छात्र छात्राओं से मैत्रीपूर्ण कहा कि भारत के सभी न्यायालयों में अर्थात तहसील में स्थापित न्यायालयों से लेकर मा. सर्वोच्च न्यायालय तक निःशुल्क विधिक सहायता आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिये उपलब्ध रहती है। इसका लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति, जन जाति व स्त्री, बालक व मानसिक रोगी व्यक्ति से औद्योगिक कर्मकार, प्राकृतिक आपदा से पीड़ि व्यक्ति, जेल में कैद अभियुक्त तथा भारत का कोई भी नागरिक जिसकी समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय दो लाख से अधिक न हो ऐसे व्यक्ति विधिक सहायता पाने के हकदार होते है।

## सूखाखैरी में आयोजित हुआ खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बीते हुये दिवस संचनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा विकास खंड स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्हाली बॉल, शार्ट फुट, दौड़, शतरंज, कबड्डी, ख़ो ख़ो सहित अन्य खेलों की स्पर्धाएं आयोजित हुई।



इस आयोजन में श्रीमती राधा चौधरी( युवा समन्वय ), प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल डॉक्टर संदीप कुमार मेहरा (विकास खंड खेल प्रभारी), नितेंद्र प्रताप सिंह राजगौंड (विकास खंड खेल समन्वयक),सुमित कौरव (खेल शिक्षक), अमर मेहरा (खेल शिक्षक) बारहबड़ा, आदर्श कौरव (खेल शिक्षक) पनारी, सुभाष उदेनियां (खेल शिक्षक) करपगांव, सुनील सोनी चीचली (वरिष्ठ खिलाड़ी), शुभम मेहरा (शिक्षक) सुखाखैरी,श्रीमती फरीन शेख (खेल शिक्षक)विद्या भारती एनटीपीसी गाडरवारा, रोहित अहिरवार शिवा इंटरनेशनल की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### नव दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन, उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

**डिंडौरी।** ग्राम सिमरिया में 16 जनवरी से प्रतिदिन अपरान्ह 1:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित हो रहा नव दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन में अयोध्या धाम से पधारीं विख्यात श्री राम कथा वाचिका सुश्री सुनैना कृष्णा देवी जी के पावन मुखारविंद से श्री राम कथा का अमृतमय वाचन किया जा रहा है। कथा के तृतीय दिवस में भगवान श्री रामचंद्र जी के अवतार के विभिन्न कारणों का अत्यंत भावपूर्ण और शास्त्रीय व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नारद मोह की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए मानव जीवन में मोह, माया और भक्ति के महत्व को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। कथा के क्रम में भगवान श्री राम जी के जन्म प्रसंग का अत्यंत मनोहारी चित्रण किया गया, जिसके उपलक्ष्य में श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ मनाया गया। संपूर्ण कथा स्थल जय श्री राम के उद्घोष से भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा।इस धार्मिक आयोजन में ग्राम सिमरिया के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सहभागिता कर रहे हैं। महिला, पुरुष, वृद्ध एवं युवा सभी वर्गों के भक्तगण कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। कथा स्थल पर अनुशासन, भक्ति और शांति का वातावरण देखते ही बनता है। कार्यक्रम की आयोजक गोमती बाई ठाकुर, पति स्वर्गीय राम किशोर ठाकुर जी, तथा उनके पुत्र अशोक कुमार ठाकुर एवं सरोज ठाकुर द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में सहभागी बनें और पुण्य लाभ अर्जित करें। नव दिवसीय यह आयोजन ग्राम सिमरिया सहित पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक एकता का संदेश दे रहा है।

### कचरा फेंकने के विवाद से भड़का जमीन विवाद

**बदरा/जमुना।** थाना भालूमाडा जोगी टोला देवगवां निवासी महादेव चौधरी पिता स्वर्गीय बाबूलाल चौधरी ने थाना भालूमाडा के थाना प्रभारी विपुल शुक्ला को लिखित आवेदन सौंपते हुए कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद तथा जमीन पर अवैध हस्तक्षेप की शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने स्पष्ट किया है कि विवादित भूमि उनकी माताजी स्वर्गीय सोहगिया पति बाबूलाल चौधरी के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज हैं। महादेव चौधरी ने बताया कि उनके घर एवं जमीन के पास कचरा फेंकने को लेकर पहले विवाद हुआ, जो धीरे-धीरे गाली-गलौज, धमकी और जमीन पर जबरन हस्तक्षेप तक पहुंच गया। आरोप है कि विरोध करने पर दबंगई दिखाई गई तथा झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकियां दी गईं, जिससे उनके परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। आवेदन में जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, उनके नाम इस प्रकार हैं माया पति प्रकाश चौधरी, कैमलू चौधरी, ऋषि चौधरी, किशन पिता मिट्ठू लाल एवं इंद्रजीत पिता मिट्ठू लाल। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त सभी लोग मिलकर कचरा फेंकने के बहाने विवाद खड़ा कर उनकी माताजी के नाम दर्ज भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच, भूमि संबंधी अभिलेखों की जांच तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि समय रहते कार्रवाई न होने पर कोई अप्रिय घटना घट सकती हैं।

# राज्य सूचना आयोग ने तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

### आवेदक को को जानकारी उपलब्ध न कराने पर सूचना आयुक्त श्री ओंकार नाथ ने लगाया जुर्माना

जिले में पदस्थ रहे तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला सूचना का अधिकार अधिनियम को मजाक बना कर रखे हुए थे।

डिंडौरी।




संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त के कार्यकाल में करोड़ों रुपए के घपले घोटालों की चर्चाएं आम थी लेकिन इन्होंने पदस्थ रहने के दौरान कोई एक भी आवेदक को अधिनियम के तहत जानकारी मुहैया नहीं कराई, यहां तक कि आरटीआई के तहत दाखिल आवेदनों का उत्तर तक नहीं दिया, इनके विरुद्ध में सैकड़ों अपील सूचना आयोग में लंबित हैं।

2022 में आवेदक आरके गुप्ता निवासी जबलपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के बस्ती विकास योजना से संबंधित जानकारी चाही थी, सूचना प्राप्त न होने पर उन्होंने राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील दाखिल किया था। मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लापरवाही बरतने पर तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी संतोष शुक्ला पर 10,000 (दस हजार रुपये) का अर्थदंड अधिरोपित किया है। आयोग ने यह कार्रवाई प्रकरण क्रमांक A-2319/2023 में की है।

आयोग के आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि दंड राशि "सचिव, राज्य सूचना आयोग, भोपाल" के नाम देय बैंक ड्राफ्ट अथवा चालान के माध्यम से शासकीय कोष में निर्धारित मदों में जमा कराई जाए। जमा की गई राशि का प्रमाण (बैंक ड्राफ्ट/चालान की प्रति) के साथ पालन प्रतिवेदन आगामी पेशी से एक सप्ताह पूर्व आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

आदेश में यह भी कहा गया है कि लोक प्राधिकारी—आयुक्त, संचालनालय जनजातीय कार्य विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल—यह सुनिश्चित करेंगे कि उपरोक्त निर्देशों के अनुसार दंड राशि समय-सीमा में जमा हो। यदि राशि समय पर जमा नहीं की जाती है, तो मध्यप्रदेश सूचना का अधिकार (अपील एवं फीस) नियम, 2005 के नियम 8(6)(तीन) के अंतर्गत वेतन से कटौती कर आयोग को चालान/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राशि जमा कराई जाएगी तथा सेवा-पुस्तिका में प्रविष्टि करते हुए आयोग को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। प्रकरण में तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी संतोष शुक्ला द्वारा 10,000 की शास्ति राशि जमा किए जाने के पालन प्रतिवेदन हेतु 30 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे की तिथि नियत की गई है। आयोग ने आदेश की प्रति संबंधित पक्षकारों को भेजने के निर्देश भी दिए हैं।



## भंडारा और ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु अनुमति अनिवार्य शांति

### समिति की बैठक का हुआ आयोजन

डिंडौरी।

कोतवाली में पुण्य सलिला मां नर्मदा प्राकट्योत्सव की तैयारियों और व्यवस्था को लेकर प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, तहसीलदार आरपी मार्को, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात प्रभारी सुभाष उईके, नगर परिषद से सुरेंद्र शुक्ला, डेम घाट मंदिर समिति से रजनीश राय,महेश पाठक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के दौरान हंस नगर घाट पर ही आतिशबाजी, भंडार, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नर्मदा घाट के आसपास अतिरिक्त भंडारा वितरण और अतिरिक्त डीजे बजाने पर प्रतिबंध पर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने नर्मदा मंदिर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नर्मदा जयंति महोत्सव के तारतम्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम, भंडारे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डीजे) के प्रयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग आदि के संबंध में एडवाइजरी जारी करते हुये बतलाया गया है कि भंडारे का आयोजन नर्मदा नदी पुल से मुख्य मंदिर तक प्रतिबंधित रहेगा। जानकारी के मुताबिक भंडारे का आयोजन केवल निर्धारित स्थान बस स्टैण्ड प्रांगड़ में ही किया जा सकेगा। इस बाबद अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति लेना भी अनिवार्य होगा। इसके साथ ध्वनि विस्तारक यंत्रों हेतु अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। भंडारे में प्लास्टिक और डिस्पोजल के उपयोग पर भी रोक लगा दी गई है। यातायात व्यवस्था के विषय मे जानकारी देते हुए बतलाया गया है कि नर्मदा जयंती के अवसर पर शहर के भीतर वहनों का आवागमन पूर्व की भांति प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने नर्मदा जयंती के दिन किसी भी तरह के मांस के विक्रय पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये हैं। इसके साथ ही चौराहों एवं मंदिर मार्ग के आवागमन को बाधित करने पर सख्त कार्यवाही के संकेत भी पुलिस ने दिये हैं।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स : जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन, युवाओं ने दिखाया खेल कौशल





डिंडौरी।

जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के सहयोग से उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंडों से आए खिलाड़ियों ने अनुशासन, जोश एवं खेल भावना के साथ सहभागिता की।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 21 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा कबड्डी बालिका खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के पश्चात सभी खेल प्रतियोगिताएं एक साथ सुचारु रूप से हुईं।

प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, पिट्ठू, फुटबॉल, एथलेटिक्स, क्रिकेट, रस्साकस्सी, शतरंज, बैडमिंटन सहित अन्य खेलों का सफल आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं विजेता टीमों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया।

आयोजन जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करने, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। खेलो एमपी यूथ गेम्स योजना के उद्देश्यों के अनुरूप प्रतियोगिता ने युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा दिया। टीम इवेंट में पिट्ठू बालक वर्ग में समनापुर विजेता एवं डिंडौरी उपविजेता रहे, जबकि बालिका वर्ग में समनापुर विजेता एवं बजाग उपविजेता रहा। फुटबॉल बालक वर्ग में समनापुर विजेता व डिंडौरी उपविजेता, खो-खो बालक वर्ग में समनापुर विजेता व डिंडौरी उपविजेता तथा बालिका वर्ग में बजाग विजेता व डिंडौरी उपविजेता रहे। वॉलीबॉल बालक वर्ग में मेंहदवानी विजेता व अमरपुर उपविजेता रहे। कबड्डी बालक वर्ग में डिंडौरी विजेता व समनापुर उपविजेता तथा बालिका वर्ग में डिंडौरी एवं बजाग विजेता तथा अमरपुर उपविजेता रहा। क्रिकेट में जिले से टीम का चयन किया गया।

इसी प्रकार 100 मी. दौड़ बालक में प्रथम हरीश कुमार धुर्वे, द्वितीय मनीष आर्मो, बालिका प्रथम डोली बरमैया, द्वितीय कनकलता धुर्वे, 200 मी. दौड़ बालक में प्रथम पारस सोनवानी, द्वितीय मुलेश मरकाम, बालिका प्रथम दिव्या मरावी, द्वितीय अपूर्वा मरकाम, 400 मी. दौड़ बालक प्रथम गुलशन कुमार, द्वितीय हरीश कुमार उइके, बालिका प्रथम राजनन्दनी परस्ते, द्वितीय डोली बरमैया, 800 मी. दौड़ बालक प्रथम अभिषेक पट्टा, द्वितीय कमलेश आर्मो, बालिका प्रथम अम्बिका मार्को, द्वितीय रश्मि कुलेश, 1500 मी. दौड़ बालक प्रथम आशीष कुमार मरावी, द्वितीय शिवम धुर्वे, 3000 मी. दौड़ बालक प्रथम रितेश ब्यौहार, द्वितीय सचिन नंदा, बालिका प्रथम कमलेश्वरी, द्वितीय सृष्टि कहार, लांगजम्प बालक में प्रथम पंकज चंद्रवंशी, द्वितीय मनीष आर्मो, बालिका प्रथम डोली बरमैया, द्वितीय थानमती धुर्वे, हाईजम्प बालक में प्रथम अराध्य त्रामकार, द्वितीय यश मिश्रा, बालिका प्रथम खुशबू नेताम, द्वितीय कौशिकी मिश्रा, शॉटपुट बालक में प्रथम विवेक साहू, द्वितीय नीरज पट्टा, बालिका प्रथम महावती धुर्वे, भारती धुर्वे, डिस्कस बालक में प्रथम गोविन्द परस्ते, द्वितीय राजकुमार धुर्वे, बालिका प्रथम खुशबू नेताम, द्वितीय ज्योति धुर्वे, शतरंज बालक में प्रथम शिवम भवेदी, द्वितीय विजय यादव, बालिका में प्रथम प्रांजल त्रिपाठी, बैडमिन्टन बालक में प्रथम लक्ष्य पेकरा, द्वितीय शौर्य द्विवेदी, बालिका प्रथम अंजली कन्नौजिया, द्वितीय रोशनी कुशराम रहीं।

एथलेटिक्स एवं अन्य व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न दौड़, कूद, थ्रो, शतरंज एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। समापन अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को बधाई देते हुए आगामी संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं है।

## एनीमिया जांच अभियान के तहत कलेक्टर ने कन्या शिक्षा परिसर रायपुरा का किया निरीक्षण




डिंडौरी।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले में संचालित "सुगढ़ टूरी-आज स्वस्थ, कल सशक्त" रिकॉर्ड ब्रेकिंग वन-डे एनीमिया जांच अभियान के तहत आज कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया कन्या शिक्षा परिसर रयपुरा पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया तथा एनीमिया जांच करवा रही छात्राओं से संवाद कर उनके स्वास्थ्य संबंधी अनुभव एवं जागरूकता के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की टीम से अभियान के क्रियान्वयन, जांच प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का बेहतर स्वास्थ्य ही उनके उज्ज्वल एवं सशक्त भविष्य की नींव है, इसके लिए समय पर जांच एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान शिविर में एनीमिया जांच की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। कलेक्टर ने अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वास्थ्य अमले की सराहना की। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री श्याम सिंगौर सहित विद्यालय स्टाफ और स्वास्थ्य परीक्षण टीम मौजूद रही।



## मुख्य अभियंता ने जिला मुख्यालय में पेयजल व्यवस्था का किया निरीक्षण

**डिंडौरी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला द्वारा जिला का दौरा कर नगर परिषद डिंडौरी में संचालित पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पेयजल योजना अंतर्गत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय नगर में पेयजल पाइपलाइन व्यवस्था, जल आपूर्ति प्रणाली तथा सिवरेज परियोजना के कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्य अभियंता द्वारा तकनीकी अमले के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं संचालन व्यवस्था का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री, पीडीएमसी प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला ने संसाधनों एवं मशीनरी के नियमित रखरखाव एवं समय-समय पर मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के सुचारु संचालन हेतु कुशल केमिस्ट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षित संचालक की तैनाती के निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने प्लांट परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मुख्य अभियंता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं निरंतर पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएं।

## अमरकंटक में रन फॉर स्वच्छ नर्मदा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



मां नर्मदा के स्वच्छ निर्मल प्रवाह बनाए रखने के लिए नर्मदा समग्र अमरकंटक के घाट टोली द्वारा रन फॉर स्वच्छ नर्मदा स्वच्छ अमरकंटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक ने रन फॉर स्वच्छ नर्मदा का उद्देश्य समाज एवं छात्रों में मां नर्मदा के अविरल धार को निर्मल बनाए रखने के लिए भाव जागरण करना है जिससे नर्मदा नदी का जल स्वच्छ रहे। डॉ अनिल कुर्मी ने बताया की अमरकंटक का जंगल जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम जब अमरकंटक मे मां नर्मदा की स्वच्छता की बात करते हैं तब देखने को मिल रहा है की अमरकंटक तपोस्थली से भोगस्थली में परिवर्तित होती जा रही है। यहां आने वाले श्रद्धालु मां नर्मदा के मंदिर में तो श्रद्धा का भाव रखते हैं किंतु जैसे मंदिर से निकल कर अविरल बहती मां नर्मदा के तट पर जाते हैं वह इसे मात्र बहता पानी मानकर गंदा करने से नहीं संकोच करते। घाट पर तेल साबुन के पाउच पानी की बोतल और अपने सभी प्रकार की उपयोग के बाद बचे अवशिष्ट को घाट पर ही छोड़ जाते हैं। हमारी घाट टोली निरंतर घाट सफाई में लगी हुई है हम जब सफाई करने उतरते हैं तो मन इतना व्यथित होता है मानो अमरकंटक आने वाले यात्रियों ने जीवन दायिनी मां को कचरे में बदलने का संकल्प ले लिया है। मां नर्मदा को इस प्रदूषण से बचाने के लिए हमने रन फॉर स्वच्छ नर्मदा कार्यक्रम का आयोजन किया है।

## खबर संक्षेप



### राज्य कर्मचारी संघ की तहसील एवं विकास खंड इकाई का गठन

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की तहसील इकाई तेंदूखेड़ा एवं विकासखंड इकाई का गठन संपन्न हुआ।जिसके पूर्व एक विधिवत बैठक आयोजित कर गठन प्रकिया की कार्यवाही की गई। बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा तहसील इकाई तेंदूखेड़ा के लिए अभिलाष शर्मा पटवारी को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।वहीं विकासखंड इकाई के लिए पवन पटैल शिक्षक को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री गजेंद्र नायक जिला अध्यक्ष संजय लमानिया प्रमुख रुप से उपस्थित थे।उनकी उपस्थिति के बीच संपन्न हुई इस गठन प्रकिया में तहसील शाखा के उपाध्यक्ष पद पर सेवा भावी सजग शफीक कुरैशी मिथलेश पाटकार अवधेश बाजपेयी सचिव पद पर अभय सोनी एवं कोषाध्यक्ष पद पर शचीन्द्र गुप्ता को नियुक्त किया गया है।इसी तरह से विकासखंड स्तर पर उपाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा चंद्रशेखर पटैल गौरव श्रीवास्तव सचिव मनीष तिवारी एवं कोषाध्यक्ष पद पर आदर्श रिछारिया को दायित्व सौंपा गया है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभचिंतकों ने शुभकामनाएँ बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

### वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा** सोमवार को क्षेत्र की प्रतिष्ठत शैक्षणिक संस्था सर्वोदय विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संस्था के प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन के द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में कबड्डी खो खो वॉलीबॉल शतरंज बैडमिंटन चकती फेक गोला फेंक 100 मीटर 200 मीटर 300 मीटर दौड़ एवं बाधा दौड़ के अलावा अन्य और भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।इस मौके पर प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन ने छात्रों को खेलों की महत्वता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है ।अर्थात विद्यार्थी जीवन में खेलों का अत्यधिक महत्व है ।खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है इसे अपने जीवनचार्य में सम्मिलित करना चाहिए निसंदेह इससे शरीर स्वस्थ तो रहता ही है। साथ में मानसिक शांति एवं एक नई ऊर्जा की निरंतर अनुभूति होती है। शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य कमल कुमार जैन श्रीमती अरुणा जैन खेलों के प्रभारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शोकाकुल परिवारों में पहुंचे पूर्व विधायक संजय शर्मा



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा क्षेत्र के विभिन्न शोकाकुल परिवारों में पहुंचे अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए श्रृंद्धाजलि अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

### आज सामूहिक उपवास रख करेंगे विरोध

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर्व पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ की गई अभद्रता एवं साधु संतों के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। इस घटना को लेकर सोमवार को नरसिंह मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। गैर राजनीतिक इस बैठक में अनेक लोगों ने कहा कि जरूरत है कि प्रयागराज की घटना का हम सब विरोध करें क्योंकि शंकराचार्य जी सनातन एवं भारतीय संस्कृति और परंपरा के सर्वोच्च हैं और उनके अपमान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश की तिथि 28 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2026-27 के आवेदन फॉर्म म.प्र. सरकार के पोर्टल पर दिनांक 16 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अंतिम तिथि 28 जनवरी 2026 कर दी गई है। ऑनलाईन आवेदन हेतु कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र / छात्रायें अपने निकटतम एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क सेंटर पर आवेदन दर्ज करा

## रोड निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

# बिना शोल्डर व कम थिगनिस की बना दी रोड

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

सरकार द्वारा लोगों को बेहतर आवागमन सुविध प्रदान कराने के लिए लाखों रूपए की राशि स्वीकृत कर सड़कों का निर्माण करती है लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अंदेखी के कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से सड़कों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्माण नही करते और लोग सरकार को दोष देते नजर आते है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय के पास बनाई गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का सामने आया जहां पर ठेकेदार द्वारा बनाई गई रोड पर सवाल उठ रहे है। जिसे ओर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।






### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम पिपरिया को नरसिंहपुर छिंदवाड़ा मार्ग को जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण कराया गया। उक्त रोड का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। जिसका रिनुअल प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना विभाग द्वारा कराया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान उपयोगी की गई सामग्री पर भी सवाल उठ रहे है रोड बनने के उपरांत ही टूटने के नमूने सामने आने लगे। ठेकेदार द्वारा निमार्ण के दौरान लापरवाही की गई है। रोड बने हुए गड्ढे निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी बने हुए है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

### निर्माण के बाद टूटने लगी रोड

ठेकेदार द्वारा बनाई रोड निर्माण कार्य के बाद से टूटने लगी है रोड में बने गड्ढों को भी ठेकेदार द्वारा पूरी तरह से नहीं भरा गया है और ना ही सोल्डर बनाया गया है जबकि निर्माण कार्य के तुरंत बाद ठेकेदार को सोल्डर का निर्माण कर देना चाहिए जिससे रोड किनारे से ना टूट सके परंतु ठेकेदार द्वारा मनमर्जी से कार्य करते हुए लापरवाही पूर्ण तरीके से रोड का निर्माण कर दिया। प्रशासन को चाहिए की रोड की जांच कर ठोस कार्रवाई करे। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण मे थिगनिस भी कम बनाई गई एवं सोल्डर का निर्माण भी नही किया जो नियम अनुरूप नही है अब देखना होगा कि प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदार पर क्या कार्रवाई की जाती है। पूर्व उक्त रोड निर्माण कार्य मदनलाल एण्ड पार्टनर्स द्वारा किया गया था जिसका निर्माण कार्य 42.12 लाख रुपए की राशि तथा लंबाई 1.847 किलोमीटर की लंबाई का बनाया गया है। निर्माण कार्य की तिथि 24 मार्च 2025 से प्रारंभ की गई। रोड का रख रखाव अभी शेष है।

### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

सरकार द्वारा राशि स्वीकृत कर रोड़ निर्माण कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराती है जिसकी देखरेख विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को करनी होती है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ध्यान नही दिया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा ना तो ठीक ढंग से थिगनिस बनाई गई और ना ही गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग किया गया। रोड बनने के उपरांत की टूटने लगी है जिस ओर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की रोड की जांच कर ठेकेदार पर ठोस कार्रवाई की जावे जिससे ग्रामीणों के लिए अच्छी रोड का निर्माण हो सके।



## आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरहटा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम लगभग 3 माह तक चला, जिसमें विद्यालय की लगभग 100 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, साहसी एवं आत्मविश्वासी बनाना रहा। आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रशिक्षक महिमा लोधी के द्वारा दिया गया, जिनके मार्गदर्शन में छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएँ कुमारी शायना उस्मानी, श्रीमती सरिता कोरी मैडम, मोहम्मद गनी सर, समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य का सराहनीय सहयोग रहा।

## उत्कृष्ट कार्यों पर रंजीत कुमार हुए सम्मानित



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस 18 जनवरी 2026 को अहिरवार समाज महा परिषद जबलपुर के तत्वाधान में संपूर्ण रविदास समाज का 18 बा अखिल भारतीय कार्यक्रम जबलपुर मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। जिसमे नगर निवासी रंजीत कुमार चौधरी जिला प्रभारी अहिरवार समाज महापरिषद नरसिंहपुर को सम्मानित किया गया। उनके शुभ चिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान प्राप्त आवेदन, निराकरण और लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत घर- घर जाकर व्यक्तियों से सम्पर्क स्थापित करें और उनसे ज्यादा से ज्यादा आवेदन लें। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की चिन्हांकित योजनाओं से वंचित नहीं रहे। चिन्हांकित योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।




## रोजगार मेले मे 17 कंपनियों पर 559 युवाओं का चयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया के मुख्य आतिथ्य, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता और रामसनेही पाठक की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ और नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने मंच से 6 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही ग्राम बरखेड़ा की मां दुर्गा स्वसहायता समूह को 6 लाख रुपये, ग्राम सूरजगांव की जय गणेश स्वसहायता समूह को 6 लाख रुपये, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के तहत सविता दुबे को 8.40 लाख रुपये, राहुल बारोलिया को 4.25 लाख रुपये व दिनेश लोधी को 4.25 लाख रुपये, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत रामदयाल सिंह लोधी को हार्डवेयर के लिए 20 लाख रुपये, राजा चैरसिया को किराना दुकान के लिए 2.90 लाख रुपये, अमरदीप साहू को बारदाना के लिए 5 लाख रुपये, पीएम एफएमई योजना के तहत रामनारायण ठाकुर को गुड़ उद्योग के लिए 9.62 लाख रुपये व राजू सिंह मेहरा को 9.75 लाख रुपये के हितलाभ वितरित किए। इस दौरान अतिथियों ने मेला परिसर में लगाए गए विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी ली। मेले में आई 17 प्रतिष्ठित कंपनियों में 559 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

## अस्पताल में चिकित्सकों की कमी सुविधाओं का टोटा

**तेंदूखेड़ा-** रोटी कपड़ा और मकान की मूलभूत सुविधाओं सुविधाओं के साथ साथ स्वस्थ और शिक्षा भी महत्वपूर्ण श्रेणी में आते हैं। इसमें में स्वास्थ्य पहली पंक्ति में आता है। लेकिन तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवान भरोसे चल रहा है। पूर्व से ही यहां पर डाक्टरों की कमी और आवश्यक उपकरणों सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के चलते जहां प्रतिदिन अस्पताल मे मरीजों की भीड़ देखी जाती है। यहां पर पूर्व से स्वीकृत 23 पदों में 09 पद रिक्त पड़े हुए हैं। इनमें जहां चिकित्सा विशेषज्ञ,शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ की एक एक की जरूरत है लेकिन पद खाली पड़े हुए हैं।साथ ही ओप्थेलमिक अस्सिटेंड, लेखापाल लेव सहायक ड्रेसर ओटी सहायक एक एक की जरूरत है वह भी खाली पड़ा हुआ है।वाडवाय जहां दो चाहिए वहां मात्र एक ही है। वाहन चालक है ही नहीं। अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी पांच है जो एक बंध पत्र चिकित्सक दो संविदा, और दो रेग्युलर, एक आयुष चिकित्सक 07स्टाप नर्स एक लैव टेक्नीशियन एक रेडियो ग्राफर एक फार्मासिस्ट तैनात हैं।शेष पद रिक्त पड़े हुए हैं।

***ढाई तीन साल से तैयार पड़े आई सी यू वार्ड को चलाने नहीं है विशेषज्ञ डाक्टर*-** कोविड काल की त्रासदी का दंश लगभग हर वर्ग ने झेला है।तैयारियों और नगण्य स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते इसका खामियाजा भी लगभग हर परिवार ने भोगा है। जिसे लेकर शासन ने अब हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गहन चिकित्सा कक्ष बनाने का निर्णय लिया है।कोविड काल में अपनी महती भूमिका निभाने वाली तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में



भी 12 वेड गहन चिकित्सा कक्ष विगत ढाई साल से तैयार पड़े हुए हैं। निर्माण कार्य को लेकर जरुर कुछ विसंगतियों को देखा गया था। नौ वेड एक साथ और तीन वेड जनरल वार्ड में जगह के मान से स्थापित किए गए हैं।कक्ष बनकर तो तैयार है लेकिन इसे चलायेगा कौन। चूंकि इसे चलाने के लिए सुरक्षा गार्ड के कर्मी नहीं वरन एम डी डाक्टरों की आवश्यकता हुआ करती है और तेंदूखेड़ा की सरकारी अस्पताल स्वास्थ्य कर्मियों के नाम से अछूती है। यहां पर सीखने वाले वांड डाक्टर भेजकर केवल खानापूर्ति की जा रही है। कुछ संविदा डाक्टरों के भरोसे ही अस्पताल चल पा रही है।नहीं तो इस अस्पताल का भगवान ही मालिक है। सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि भीषण गंभीर दुर्घटनाओं के समय उक्त स्टाप ही अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तत्पर बना रहता है।

***देते हैं 24 घंटे सेवायें*-** वर्तमान में यहां पर जितना भी स्टाप तैनात है वही सेवा भावना को दृष्टिगत रखते हुए 8 घंटे की जगह 24 घंटे सेवाएं देते हुए देखे सुने जाते हैं। गंभीर रूप से पीड़ित और दुर्घटनाग्रस्त पीड़ित वर्ग के मरीजों के उपचार के लिए सुविधाओं की दृष्टि से तत्काल गहन चिकित्सा के लिए पीड़ित वर्ग को भारी परेशान होना पड़ता है।

## सामाजिक समरसता एवं सनातन परंपरा के पुनर्जागरण हेतु 21 जनवरी को शारदा बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन

**गोटेगांव**

सामाजिक समरसता, सनातन परंपरा के पुनर्जागरण तथा हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों और कुप्रथाओं के संपूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से खंड गोटेगांव अंतर्गत शारदा बस्ती में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन दिनांक 21 जनवरी, बुधवार को दोपहर 1:00 बजे, शशि टेंट हाउस, मुरलीधर वार्ड, गोटेगांव में आयोजित होगा।आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी मीना बहन सहित अन्य विचारक एवं वक्ता अपने प्रेरक उद्बोधनों के माध्यम से




समाज को दिशा प्रदान करेंगे। पूज्य संतवाणी के क्रम में ब्रह्मचारी अचलानंद जी महाराज (झोतेश्वर) एवं ब्रह्मचारी ब्रह्म विद्यानंद जी महाराज परमहंसी गंगा आश्रम को भी आमंत्रित किया जा रहा है।शारदा बस्ती के समस्त हिंदू भाई-बहनों की ओर से जारी निवेदन में कहा गया है कि यह सम्मेलन किसी वैचारिक भेद अथवा विभाजन के लिए नहीं, बल्कि हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने तथा सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों और कुप्रथाओं को समाप्त कर सकारात्मक, संस्कारित एवं संगठित हिंदू समाज का निर्माण करना है।आयोजकों ने कहा कि मजबूत हिंदुत्व से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है, और इसी भावना के साथ यह आयोजन सर्व कल्याण के संकल्प को लेकर किया जा रहा है। सम्मेलन में वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा एवं बच्चे—सभी वर्गों की सहभागिता अपेक्षित है।आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी हिंदू भाई-बहनों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित समय पर पहुँचकर इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और सामाजिक एकता के इस प्रयास को सफल बनाएं।

## मर्यादा का संदेश- बिना निमंत्रण कहीं जाना सती के अपमान जैसा कष्टकारी

**गोटेगांव।**

कुकलाह ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोते लगाते नजर आए। कथा व्यास ध्रुव देव महाराज ने सती चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को जीवन की मर्यादाओं का बोध कराया। उन्होंने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले यह अवश्य सोचना चाहिए कि वहां आपका, आपके गुरु या इष्ट का अपमान न हो।कथावाचक ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यदि गुरु या इष्ट के अपमान की आशंका हो, तो वह स्थान चाहे जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो,



वहां नहीं जाना चाहिए। भगवान शिव के मना करने के बाद भी माता सती अपने पिता के घर गईं और वहां हुए अपमान के कारण उन्हें स्वयं को अग्नि में स्वाहा करना पड़ा। कथा के दौरान सृष्टि की उत्पत्ति, महाभारत प्रसंग और शिव विवाह महोत्सव का भी विस्तार से वर्णन किया गया। मधुर भजनों और जयकारों के बीच वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। इस धार्मिक आयोजन में समिति के संपर्क सूत्र अनिल पटेल, आशीष नेमा, ऋषिराज पटेल और अमित नेमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के समापन पर महाआरती की गई और सभी के कल्याण व सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई।

## अध्यक्ष आदर्श केवट उपाध्यक्ष नर्मदा कहार, पंकज नोरिया नियुक्त

**गोटेगांव**

बीते दिवस स्थानीय निषाद राज समाज एकता समिति द्वारा एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन कर नगर युवा कार्यपालिका गठन किया गया! जिसमें समाज के वरिष्ठ हलकई नोरिया के प्रस्ताव पर युवा नगर अध्यक्ष आदर्श केवट को नियुक्त किया गया ! वहीं उपाध्यक्ष नर्मदा कहार पंकज नोरिया एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष के चिरंजी लाल कहार के प्रस्ताव पर समाज के समस्त वरिष्ठ युवा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं बैठक में आगामी निषादराज जयंती को लेकर विशेष तैयारी पर चर्चा किए जाने के उपरांत समाज के उपस्थितजनों द्वारा



शिक्षा एवं रोजगार पर विशेष बल दिया ! बैठक में मानसिंह कहार केदार सिंह नोरिया राजेश कहार कालू कहार सुनील कहार गोविंद कहार ईमरत कहार बाबूलाल रैकवार रवि रैकवार जितेंद्र नोरिया सुनील बर्मन मुकेश राज बरमन सागर कहार यश कहार अभिषेक कहार नवनीत कहार हर्षित कहार प्रकाश रैकवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वाजतीय बंधु उपस्थित रहे वहीं पूर्व युवा अध्यक्ष राकेश संजय रैकवार ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही वहीं नवनियुक्त युवा अध्यक्ष ने समाज के वरिष्ठजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि निषाद राज समाज द्वारा आप सभी ने मिलकर जो मुझ पर भरोसा जताया है और जो दायित्व सौंपे हैं में उन्हें निष्ठा पूर्वक आप सभी के साथ मिलकर पूरा करने का प्रयास करूंगा साथ ही आगामी निषादराज जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाए जाने की बात कही !